पत्र संख्या –26 / विविध–01–13 / 2026 ............................ /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**आदेश**

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बक्सर के अंतर्गत बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध के कि0मी0 58.00 कि0मी0 से 59.20 कि0मी0 के सामने ग्राम गंगापुर भुसौला नन्दपुर तथा दामोदरपुर (जवईनिया) के समीप गंगा नदी के दायें तट पर कटाव निरोधक कार्य (Agenda No-244/38/2026) एकरारनामा सं0–01SBD/2026-27 दिनांक–02.05.2026 के तहत संवेदक मेसर्स सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, गया, बिहार को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि 15.07.2026 है।

2. कार्य को ससमय पूर्ण कराने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से संवेदक को कार्य स्थल पर मशीनरी एवं श्रमबल बढ़ाकर अपेक्षित प्रगति लाने के लिए निदेशित किया गया, इसके बावजूद भी संवेदक द्वारा कार्य स्थल पर मशीनरी, सामग्री एवं श्रमबल की बढ़ोतरी कर अपेक्षित प्रगति लाने हेतु कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया।

उक्त कार्य आपदा जनित कार्य है, जिसे हर हाल में निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है। इतने महत्वपूर्ण कार्य को ससमय पूर्ण कराने में संवेदक द्वारा अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना के पत्रांक–1955 दिनांक–21.05.2026 द्वारा संवेदक मेसर्स सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, गया, बिहार को डिबार करने की अनुशंसा की गयी।

3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2815 दिनांक–26.05.2026 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी। तदालोक में संवेदक द्वारा पत्रांक–SEC/MISC/0039/26 दिनांक–30.05.2026 से कारण पृच्छा प्रत्युत्तर समर्पित किया गया।

4. संवेदक से प्राप्त कारण–पृच्छा प्रत्युत्तर की समीक्षा बाढ़ (मो0) से करायी गयी। समीक्षा में उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य को निर्धारित अवधि में गुणवत्ता, विशिष्टि एवं प्राक्कलन में प्रावधान के अनुरूप पूर्ण कराने के उद्देश्य से दिवा–रात्रि प्रत्येक पाली में लगभग 500 अद्द श्रमबल लगाकर कार्य कराने हेतु दिये गये निदेश के बावजूद संवेदक द्वारा श्रमबल की संख्या में वांछित बढ़ोतरी नहीं की गयी, फलस्वरूप वर्तमान में कार्य की भौतिक प्रगति मात्र 05 प्रतिशत ही है, जो वर्क प्रोग्राम के अनुसार समानुपातिक नहीं है। आपदा से संबंधित कार्य होने के बावजूद संवेदक द्वारा समानुपातिक प्रगति लाने हेतु विशेष प्रयास नहीं किया गया, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।

अतः मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना से प्राप्त अनुशंसा एवं बाढ़ (मो0) द्वारा की गयी समीक्षा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के नियम 11 (क) के कंडिका–(ii) के तहत संवेदक मेसर्स सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, प्रो0–रिभा शर्मा, ग्राम+पो0–मऊ, टेकारी, गया, बिहार, पिन कोड–824235 (निबंधन सं0– WRD180126C1PR102016, श्रेणी प्रथम) को इस कार्य के पूर्ण

होने तक डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञापांक : 26/विविध–01–13/2026 पटना/दिनांक :..................................

प्रतिलिपिः– मेसर्स सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स, प्रो0–रिभा शर्मा, ग्राम+पो0–मऊ, टेकारी, गया, बिहार, पिन कोड–824235 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–13/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–13/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–13/2026 पटना, दिनांक :..........................................

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना के पत्रांक–1955 दिनांक–21.05.2026 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांकः– 26/विविध–01–13/2026 3153 पटना, दिनांक : 8/6/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।